COLLEGE CODE-201

# VIDYA DEVI KANYA MAHAVIDYALAYA

**RISE WITH EDUCATION**

# PROSPECTUS



Session : 20......-.......

( Affiliated to C.C.S University Meerut)




## प्राचार्या की कलम से........

**प्रिय छात्राओ**

नव सत्र के पावन अवसर पर आप सभी का विद्या देवी कन्या महाविद्यालय जंधेड़ा शमसपुर (सहारनपुर) में हार्दिक स्वागत हैं।

ज्ञान के इस युग में राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओ की शिक्षा पर निर्भर हैं। यदि हमे विश्व के प्रमुख देशो में से एक अग्रणी देश बनना हैं तो हमे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली गरीब बालिकाओं तक शिक्षा को पहुँचाना होगा। ग्रामीण आँचल के परिवेश में पली बढ़ी समस्त युवा पीढ़ी अपनी आखों में पले विभिन्न महत्वकांक्षी सपनो को आकार देना चाहती हैं। लेकिन जहाँ मार्गदर्शन एवं साधन के अभाव में वे सपने उन्ही के अर्न्तमन के कही सिमट कर दम तोड देते हैं। ऐसे में मील के पत्थर साबित होने को उधृत हैं। यह संस्था जिसका लक्ष्य युवा बालिकाओं को सुरक्षित एवं अनुभवी प्रवक्ताओं द्वारा ज्ञान प्रदान करना एवं उनकी आंखो में पल रहे सपनो को साकार करने में उनकी मद्द करना जिसमें तेजी से बदलते युग एवं परिवेश में राष्ट्रीय एवं अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर ये बालिकाए सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सके।

मैं सुभेच्छा के साथ संस्था के शैक्षिक वातावरण में पली बढ़ी सभी बालिकाओं के भविष्य की मंगलकामना करती हूँ और नव सत्र में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ।

**''वाणी का वर्चस्व रजत हैं**
**और मौन कंचन हैं।''**

**प्राचार्य**

# विद्या देवी कन्या महाविद्यालय

## परिचय

विद्या देवी कन्या महाविद्यालय, जन्धेड़ा शमसपुर (सहारनपुर) सहारनपुर-दिल्ली मार्ग पर सहारनपुर से 12 किमी0 तथा दिल्ली से 154 किमी0 की दूरी पर स्थित है। यह महाविद्यालय सड़क एवं रेलमार्ग दोनों से जुड़ा हुआ है। यह महाविद्यालय चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध एक स्ववित्त पोषित संस्थान है जो प्राकृतिक वातावरण में स्थित है।

जागृति के इस युग में, जबकि स्थान-स्थान पर अनेक माध्यमिक एवं महाविद्यालय स्थापित हो रहे हैं। हमारा क्षेत्र उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, विशेषकर लड़कियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गाँव जन्धेड़ा शमसपुर में विद्या देवी कन्या महाविद्यालय की स्थापना का श्रेय चौ0 हुकुम सिंह जी को है। जिसमें चौ0 विक्रम सिंह, मा0 रामकुमार पंवार, चौ0 सतीश पंवार, श्री अमित पंवार, श्री अंचल पंवार का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

प्रारम्भ में इस महाविद्यालय में कला संकाय बी0 ए0 के दस विषयों की व्यवस्था की गयी, तद्पश्चात् विज्ञान संकाय बी0 एस0 सी0, बी0कॉम0 एवं बी0 लिब की व्यवस्था भी सुचारू रूप से प्रारम्भ हो चुकी है।

विद्या देवी कन्या महाविद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शैक्षिक वातावरण प्रदान कर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर शिक्षा और रोजगार के बीच संतुलन के लिए कौशल प्रदान करना है। ईमानदारी और अनुशासन के बुनियादी मूल्यों के अलावा, एक बहुलवादी समाज के ढांचे के साथ शिक्षा के आधार पर बालिकाओं को प्रोत्साहित कर एक मजबूत समाज का निर्माण करना हैं। गैर संकीर्ण मूल्यो और सामाजिक कार्य की भावना के साथ-साथ समतावादी, धर्मनिरपेक्ष, सद्भाव और विरासत को उनकी संवेदनशीलता की खेती के माध्यम से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

बालिकाओं की शिक्षा ही राष्ट्र और समाज का आधार है। यह महाविद्यालय अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है और नारी शिक्षा एवं नारी जागरण के क्षेत्र में प्रकाश स्तम्भ के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है इसकी उत्तरोत्तर वृद्धि की कामना करते हुये।

*सभी शुभाकांक्षी*

# प्रवेश कार्यक्रम एवं प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देश

## बी० ए०, बी० एस० सी० एवं बी० कॉम० प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु

**पंजीकरण प्रकिया:**

1. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार आनलाईन पंजीकरण CCSUWEB.IN पर किया जायेगा।
2. छात्राओं द्वारा महाविद्यालयों में जिन विकल्पों का चयन किया जायेगा उन पर अपना वरीयता क्रम भी अंकित करना होगा।
3. आनलाईन पंजीकरण हेतु निम्नलिखित अभिलेखो की आवश्यकता होगी–
    1. हाईस्कूल की अंक तालिका प्रमाणपत्र व इण्टरमीडिएट की अंकतालिका
    2. रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो
    3. स्टूड़ेट हस्ताक्षर
    4. जाति प्रमाण पत्र

## महाविद्यालय प्रवेश प्रकिया : आवश्यक दस्तावेज

1. प्रवेश प्रकिया के लिए निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक हैं।
    1. विश्वविद्यालय में कराये गये पंजीकरण का प्रिंटआउट (चालान सहित)
    2. हाईस्कूल की अंकतालिका एवं संनद
    3. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं सनंद
    4. जाति प्रमाण–पत्र (सत्यापन सहित)
    5. निवास प्रमाण–पत्र (सत्यापन सहित)
    6. आय प्रमाण–पत्र (सत्यापन सहित)
    7. 10 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं 4 टिकट साइट फोटो
    8. बैंक पासबुक की छायाप्रति
    9. आधार कार्ड
2. बी० ए० प्रथम वर्ष एवं बी० एस० सी० प्रथम वर्ष व बी०कॉम० की कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण कक्षाओं का शिक्षण कार्य एवं प्रवेश की अन्तिम तिथि विश्वविद्यालय निर्देशानुसार परिवर्तनीय रहेगी।
3. विश्वविद्यालय एवं छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय में विकल्प एवं मैरिट के आधार पर महाविद्यालय की जो मैरिट निर्धारित होगी उसी के आधार पर प्रवेशार्थी को प्रवेश दिया जायेगा। यदि तीन दिन उसी के आधार पर प्रवेशार्थी प्रवेश नहीं लेता तो उक्त खाली सीट प्रतीक्षा सूची के लिये विश्वविद्यालय को प्रेषित कर दी जायेगी।

**नोट**– विश्वविद्यालय के आदेशानुसार उपरोक्त कार्यक्रम परिवर्तनीय है।

## बी0 ए0, बी0 एस0 सी0 एवं बी0कॉम0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु

1. सभी छात्राओं को 01 अगस्त से पूर्व प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।
2. प्रवेश इंटरनेट की अंकतालिका के आधार पर भी किये जायेंगे।
3. आवश्यक दस्तावेज
   1. हाईस्कूल की अंकतालिका
   2. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका
   3. बी0 ए0/ बी0 एस0 सी0 प्रथम वर्ष की अंकतालिका
   4. बी0ए0/बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष की अंकतालिका
   5. जाति प्रमाण-पत्र
   6. आय प्रमाण-पत्र
   7. निवास प्रमाण-पत्र
   8. कलर पासपोर्ट साईज 10 फोटो
   9. बैंक पासबुक की छाया प्रति

### आवश्यक निर्देशः

1. विश्वविद्यालय के आदेशानुसार सभी कार्यक्रम परिवर्तनीय हैं।
2. प्रवेश के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां साथ में लाना आवश्यक है।
3. प्रत्येक प्रवेशार्थी एवं अभिभावक विवरण पुस्तिका को पूर्ण रूप से पढ़े।
4. अपूर्ण फार्म पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. प्रवेश आवेदन पत्र विवरणिका के साथ संलग्न है।
6. प्रवेश के समय जांच हेतु सभी मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
7. प्रवेश के समय परीक्षार्थी का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।
8. प्रत्येक छात्रों के लिये यूनिफार्म एवं आई कार्ड आवश्यक रूप से लागू रहेंगे। यूनिफार्म एवं आई कार्ड के बिना छात्रा को संस्था में प्रवेश नही दिया जाएगा।
9. शैक्षिक सत्र में 75% उपस्थिति होना अनिवार्य है। अन्यथा परीक्षा में बैठने का अधिकार समाप्त हो जायेगा।

## उपस्थिति

1. छात्राओं की कुल लेक्चर्स में अलग-अलग 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नही दी जायेगी।
2. महाविद्यालय परिसर में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है तथा यह एक दण्डनीय अपराध है। अनुशासन समिति की रैगिंग पर कड़ी नजर रहेगी।
3. प्रत्येक विषय में उपस्थिति की गणना प्रत्येक वर्ष कॉलेज खुलने की तिथि तक रहेगी। चाहे प्रवेश कभी भी लिया गया हो।
4. कॉलेज में छात्राओं के प्रवेश की कार्यवाही पूरी होने के पश्चात् छात्राओ को स्वयं देख लेना चाहिए कि उनका नाम कक्षा के सभी विषयों में उपस्थिति रजिस्टर पर अंकित हो गया है।
5. जिन छात्राओं की उपस्थिति 75% से कम होगी उसकी सूचना प्रत्येक मास नोटिस बोर्ड पर लगा दी जायेगी।
6. विद्यालय में प्रवेश होने के पश्चात् किसी भी सत्र के मध्य में अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने की आज्ञा नही दी जायेगी।

# विद्या देवी कन्या महाविद्यालय
## स्नातक स्तर पाठ्यक्रम

कला संकाय - तीन वर्षीय पाठ्यक्रम

1. ऐच्छिक विषय

अग्रलिखित विषयों में से छात्राओं को कोई भी प्रस्तावित तीन विषय लेने अनिवार्य हैं-

| | विषय | कोड (प्रथम वर्ष) | कोड (द्वितीय वर्ष ) | कोड (तृतीय वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 113-114 | 213-214 | 313-314 |
| 2. | अंग्रेजी | 109-110 | 209-2010 | 309-310 |
| 3. | समाजशास्त्र | 132-133 | 232-233 | 332-333 |
| 4. | शिक्षाशास्त्र | 160-161 | 260-261 | 360-361 |
| 5. | ड्राइंग व पेंटिंग | 103 | 203 | 303 |
| | प्रयोगात्मक | 703A, 703 B | 803A, 803B | 903A,903B |
| 6. | गृह विज्ञान | 117-118 | 217-218 | 317-318 |
| | प्रयोगात्मक | 717 | 817 | 917 |
| 7. | राजनीतिशास्त्र | 138-139 | 238-239 | 338-339 |
| 8. | इतिहास | 115-116 | 215-216 | 315-316 |
| 9. | अर्थशास्त्र | 145-146 | 245-246 | 345-346 |
| 10. | संस्कृत | 130-131 | 230-231 | 330-331 |

2. अनिवार्य विषय

**बी0 ए0 प्रथम वर्ष हेतु**

1. भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय गौरव (009) (फाउन्डेशन कोर्स)
2. पर्यावरण अध्ययन (008) (क्वालीफाइंग कोर्स)
3. खेल-कूद एवं शारीरिक शिक्षा (001) (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 021, 2. बैडमिन्टन - 030, 3. शतरंज - 040
4. खो-खो - 032 5. बास्केट-बॉल - 025

**बी0 ए0 द्वितीय वर्ष हेतू**

**लिखित परीक्षा**

1. हिन्दी -011, अंग्रेजी -012, संस्कृत-013 (फाउन्डेशन कोर्स)
2. सामान्य जागरूकता-010 (क्वालीफाइंग कोर्स)
3. खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा -002 (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 041, 2. बैडमिन्टन - 050, 3. शतरंज - 060
4. खो-खो - 052 5. बास्केट-बॉल - 045

**बी0 ए0 तृतीय वर्ष हेतु**

**लिखित परीक्षा**

1. खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा -003 (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 061, 2. बैडमिन्टन - 070, 3. शतरंज - 080
4. खो-खो - 072 5. बास्केट-बॉल - 065

## विज्ञान संकाय- तीन वर्षीय पाठ्यक्रम

इण्टरमीडिएट परीक्षा (विज्ञान वर्ग) उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा।

विज्ञान संकाय में केवल निम्नलिखित विषय साथ-साथ लिए जा सकते है।

1. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित।
2. वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं रसायन विज्ञान।

**ऐच्छिक विषय :-**

| क्र० सं० | विषय | कोड (प्रथम वर्ष) | कोड (द्वितीय वर्ष) | कोड (तृतीय वर्ष) | प्रयोगात्मक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गणित | 126, 127, 128 | 126, 127, 128 | 326, 327, 328 | |
| 2 | भौतिक विज्ञान | 116, 117, 118 | 216, 217, 218 | 316, 317, 318 | 416 |
| 3 | रसायन विज्ञान | 106, 107, 108 | 206, 207, 208 | 306, 307, 308 | 406 |
| 4 | जन्तु विज्ञान | 120, 121, 122 | 220, 221, 222 | 320, 321, 322 | 420 |
| 5 | वनस्पति विज्ञान | 101, 102, 103 | 201, 202, 203 | 301, 302, 303 | 401 |

**अनिवार्य विषय :-**

**बी० एस० सी प्रथम वर्ष हेतु :-**

1. भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय गौरव (009) (फाउन्डेशन कोर्स)
2. पर्यावरण अध्ययन (008) (क्वालीफाइंग कोर्स)
3. खेल-कूद एवं शारीरिक शिक्षा (001) (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 021, 2. बैडमिन्टन - 030, 3. शतरंज - 040
4. खो-खो - 032 5. बास्केट-बॉल - 025

**बी० एस० सी द्वितीय वर्ष हेतु :-**

1. हिन्दी -011, अंग्रेजी -012, संस्कृत - 013 (फाउन्डेशन कोर्स)
2. सामान्य जागरूकता -010 (क्वालीफाइंग कोर्स)
3. खेल-कूद एवं शारीरिक शिक्षा -002 (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 041, 2. बैडमिन्टन - 050, 3. शतरंज - 060
4. खो-खो - 052 5. बास्केट-बॉल - 045

**बी० एस० सी तृतीय वर्ष हेतु :-**

1. खेल-कूद एवं शारीरिक शिक्षा -003 (क्वालीफाइंग कोर्स)

**प्रयोगात्मक :**

1. एथलेटिक्स - 061, 2. बैडमिन्टन - 070, 3. शतरंज - 080
4. खो-खो - 072 5. बास्केट-बॉल - 065

## BACHELOR OF LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
## (B. Lib. Sc.)
### One Year Degree Course/Two Semester Course
### COURSE CONTENTS

| Paper No. | Paper Title | Sessional Marks | Exam Marks | Total |
|---|---|---|---|---|
| I | Foundations of Library & Information Science | 20 | 80 | 100 |
| II | Management of Libraries & Information Centers/Institutions | 20 | 80 | 100 |
| III | Knowledge Organization and Information Retrieval (Theory) | 20 | 80 | 100 |
| IV | Knowledge Organization Practice I | 20 | 80 | 100 |
| V | Knowledge Organization Practice II | 20 | 80 | 100 |
| VI | Information Sources | 20 | 80 | 100 |
| VII | Information Users, Systems and Services | 20 | 80 | 100 |
| VIII | Library & Information Technology : Theory | 20 | 80 | 100 |
| IX | Library and Information Technology : Practice | 20 | 80 | 100 |
| | Grand Total | 180 | 720 | 900 |

## BACHELOR IN COMMERCE
## (B.Com)
### Three year Degree Course

| Paper No. | Paper Title | Paper Code I | Paper Code II | Paper Code III |
|---|---|---|---|---|
| I | Group A | 101 | 201 | 301 |
| II | Group A | 102 | 202 | 302 |
| III | Group B | 103 | 203 | 303 |
| IV | Group B | 104 | 204 | 304 |
| V | Group C | 105 | 205 | 305 |
| VI | Group C | 106 | 206 | 306 |

# पुस्तकालय एवं वाचनालय

छात्राओं की बौद्धिक शक्ति वृद्धि हेतु पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का संकलन किया गया है। जिनमें सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक रूप से छात्राओं की मानसिक बौद्धिकता का विकास होगा। विचार मंथन एवं दूसरे से संप्रेषण हेतु समय का सद्उपयोग पुस्तकालय एवं वाचनालय की प्राथमिकता है।

नोट : पुस्तकालय से सबंधित सभी जानकारी पुस्तकालय से प्राप्त होगी।

# पुस्तकालय की उपलब्धता

1. अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषयों के पाठ्यक्रम की पुस्तिकाएँ।
2. विभिन्न समाचार पत्र।
3. विभिन्न विषयों की पत्रिकाएँ।
4. रोजगार समाचार।
5. सांस्कृतिक पुस्तकें।
6. आध्यात्मिक पुस्तकें।
7. शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु योग, प्राणायाम से सम्बधित पुस्तके एवं सामग्री।

# क्रीड़ा /मनोरंजन

खेल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग है। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ बौधिक क्षमता में भी वृद्धि होती है इसलिए आवश्यकता अनुसार संस्था द्वारा विविध क्रीड़ाओं की सुविधा उपलब्ध करायी जाती हैं। जैसे बैडमिन्टन, कैरमबोर्ड, शतरंज, क्रिकेट, बास्केटबाल टेबलटेनिस आदि। छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक बनाने एवं उनमें उत्साहवर्धन हेतु वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संस्था द्वारा कराया जाता है।

रक्रीडा क्षेत्र के साथ साथ छात्राओं में मनोरजन हेतू मनोंरजन से संबंधित साधनों को भी उपलब्ध कराया जाता है। अनिवार्य एवं ऐच्छिक विषयो के साथ साथ छात्राओ के व्यायाम, योग एवं वाद्ययंत्रो के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गयी है। जिसके परिणाम स्वरूप छात्राएँ वार्षिकोत्सव में बढ़चढ़ कर प्रतिभागी बनती हैं।

# (स्काउट एण्ड गाईड)

महाविद्यालय में सत्रवार स्काउट एण्ड गाईड कैम्प का आयोजन किया जाता है। जिसके अन्तर्गत छात्राओ की बहु आयामी प्रतिभा का विकास होता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ( एन० एस० एस०)

महाविद्यलय मे एन0 एस0 एस0 प्रोग्राम का आयोजन भी किया जायेगा। जिसके अर्न्तगत छात्राओ की युनिट तैयार होगी। जिसमें एक दिवसीय, तीन दिवसीय एवं सात दिवसीय कैम्पो का आयोजन किया जाता है तथा छात्राओ मे समाज सेवा की भावना जागृत होती है।

## परिचय पत्र

महाविद्यालय की सभी छात्रा को प्रवेश लेने के एक सप्ताह के भीतर अपने परिचय पत्र पर टिकट साइज फोटो चस्पाकर प्राचार्या से हस्ताक्षरित कराकर अपने साथ रखना अनिवार्य होगा। परिचय पत्र खो जाने पर 50रू जमा कराकर केवल एक बार दूसरा परिचय पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

## अनुशासन

महाविद्यालय में प्रविष्ट छात्राओं का महाविद्यालय में अनुशासन एवं शालीनता को उच्चस्तर पर बनाये रखने का पूर्ण दायित्व होगा। महाविद्यालय के प्राध्यापक इस क्षेत्र में पूर्ण सहयोग तथा मार्गदर्शन करेंगे। अनुशासनहीनता के लिए दोषी छात्रा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए कॉलेज में एक अनुशासन समिति है जिसमें प्राचार्य चीफ प्रॉक्टर एवं अन्य प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य हैं। अनुशासन समिति को दोषी छात्रा के प्रति अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## आचार संहिता

1. प्रत्येक छात्रा के लिए यह अनिवार्य है कि विद्यालय प्रांगण में रहते हुए अपना परिचय पत्र पहन कर रखें।
2. छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे खाली घंटे में अपना समय कॉलेज वाचनालय में समाचार पत्रों व पत्रिकाओं के पढ़ने में व्यतीत करें। महाविद्यालय के बराण्डा इत्यादि जगह पर खड़ा होना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।
3. महाविद्यालय की सम्पत्ति, फर्नीचर एवं विद्युत उपकरणो की हानि पहुँचाना या नष्ट करना अनुशासनहीनता मानी जायेगी और उसके उत्तरदायी छात्राएं दण्ड की भागी होगी।
4. महाविद्यालय के प्राँगण में छात्राओं द्वारा किसी सभा आदि के आयोजन से पूर्व प्राचार्या की अनुमति लेनी होगी।
5. महाविद्यालय में मोबाइल का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## अनुसूचित जाति व जनजाति की छात्राओं के लिये शुल्क में छूट

अनुसूचित जाति व जनजाति की छात्राओं को अपने आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनिवार्य शुल्क से मुक्ति प्रदान की जायेगी।

1. अनुसूचित जाति व जनजाति का सक्षम अधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र।
2. छात्राओं के अभिभावको की वार्षिक आय 2 लाख रू0 से अधिक न हो। प्रथम वर्ष की छात्राओं को शुल्क मुक्ति फार्म प्रवेश के दिनांक से 15 दिन तक ही भरना होगा।

# सूचना पट्ट

छात्राओं से सम्बन्धित सूचना समय-समय पर सूचना पट्ट पर लगा दी जायेंगी। छात्राओं को चाहिये कि वे सूचना पट्ट को पढ़ती रहे। महाविद्यालय हर प्रकार की सूचना केवल सूचना पट्ट पर ही देने का उत्तरदायित्व रखता है अपने प्रार्थना पत्र पूछताछ कार्यालय पर जमा करे तथा इसका उत्तर दूसरे दिन वहीं से प्राप्त करें।

# शुल्क और इसका भुगतान

1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान प्रवेश के समय करना होगा।
2. शुल्क 12 महीने का लिया जाता है प्रवेश चाहे जब हो। कार्यालय द्वारा सूचित दिनांक पर शुल्क जमा करना होगा।
3. प्रयोगात्मक विषयों को लेने वाली छात्राओं को प्रयोगात्मक शुल्क के रूप में 300 रू0 प्रति कोड अतिरिक्त देना होगा।

# वार्षिक पुरस्कार

हमारा महाविद्यालय प्रतिवर्ष वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन करता है, जिसमें विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा। खेल-कूद व विभिन प्रकार की पाठ्य-सहगामी क्रियाओ में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करने वाली छात्राओं को भी विशिष्ट अवसरो पर सम्मानित किया जायेगा।

# अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़े वर्ग तथा अल्पसंख्यक छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की पात्रता के लिए विशेष दिशा-निर्देश

1. महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली अनुसूचित जाति/जनजाति की छात्राओं के अभिभावक की वार्षिक आय शासनादेशानुसार रू0 2 लाख तक ही होनी चाहिये, इससे अधिक आय पर प्रवेश के समय शुल्क में कॉलेज द्वारा छूट प्रदान नही की जायेगी।
2. पिछड़ी जाति की छात्राओं के अभिभावको की वार्षिक आय रू0 2 लाख तक ही होनी चाहिये, इससे अधिक आय वालो को कोई छात्रवृति देय नही होगी।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति की अनुत्तीर्ण छात्राओं को कॉलेज में पूर्ण फीस जमा करनी होगी तथा ऐसी छात्राओं को परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात फार्म के साथ उत्तीर्ण अंक तालिका की सत्यापित छायाप्रति कॉलेज कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी। उत्तीर्ण छात्राओं को ही छात्रवृति नियमानुसार दी जायेगी। प्रत्येक छात्रा को बैंक में छात्रवृति फार्म जमा करने से पूर्व खाता खोलना अनिवार्य है। प्रथम वर्ष की छात्राओं को छात्रवृति फार्म तथा शुल्क मुक्ति फार्म प्रवेश के समय ही भरना होगा अन्यथा छात्रवृति व शुल्क मुक्ति न मिलने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्रा का होगा।

## प्रमाण –पत्र

कॉलेज से कोई भी प्रमाण–पत्र जैसे टी० सी० प्रमाण–पत्र, फार्म आदि का कोई प्रमाणित फार्म प्राप्त करने के लिये प्रार्थना पत्र समय से देना होगा क्योंकि प्रार्थना पत्र की तिथि से तीन दिन बाद आपको वांछित पत्र की प्राप्ति होगी।

## वाहन व्यवस्था

महाविद्यालय के द्वारा छात्राओं को लाने व ले जाने के लिये बस की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे सभी छात्रांए समय पर अपनी कक्षा में उपस्थित हो सके। छात्राओं के लाने व ले जाने के लिए बस की सुविधा निःशुल्क रहेगी।

## यूनीफार्म

सभी छात्राओं हेतु ड्रेस कोड़ :-

कॉलर कुर्ता, सलवार, दुपट्टा, सफेद जूते।

B.A :- गुलाबी बारीक चैक कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, महरूम जर्सी।

B.Sc :- आसमानी बारीक चैक कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, डार्क ब्लू जर्सी।

B.Lib :- बैंगनी बारीक चैक कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, क्रीम जर्सी।

B.Com :- हरी बारीक चैक कुर्ता, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, हरी जर्सी।


विद्या देवी कन्या महाविद्यालय
जन्धेडा शमसपुर, सहारनपुर


विद्या देवी कन्या महाविद्यालय


जन्धेडा शमसपुर,


विद्या देवी कन्या महाविद्यालय
सहारनपुर










## Route Map




Delhi Road, JANDHERA SAMASPUR, SAHARANPUR
Contact :9719131481, 9759095725
Web : www.vidyadevi.co.in, E-mail : Info@vidyadevi.co.in